तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



12 आने वाली पीढ़ी को उच्च शिक्षा प्रदान कर ...





12 साल का अंतिम नेशनल लोक अदालत 13 को




## खबर संक्षेप




### शहर में कार की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** नेहरू चौक में कार की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल होने के मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिसको नागरिक आपूर्ति निगम में कनिष्ठ सहायक नंदकिशोर ने बताया कि 31 अक्टूबर की रात्रि करीब 8 से 8.15 बजे के मध्य स्टेशन रोड तरफ से बाजार जा रहा था, नेहरू चौक में बागबाहरा की ओर से अज्ञात सफेद रंग नेक्सॉन कार ने ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे उसे चोट लगी। मामले में सिटी कोतवाली में धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### 3 निजी अस्पताल आरोग्य योजना से 3 माह के लिए निलंबित

**महासमुंद।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पंजीकृत निजी अस्पताल सेवा भवन हॉस्पिटल ग्राम जगदीशपुर पिथौरा, महानदी हॉस्पिटल एवं अंबिका हॉस्पिटल ग्राम खटखटी सरायपाली द्वारा योजना के दिशा-निर्देशों का पालन न करने के कारण आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से 03 माह के लिए निलंबित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि सेवा भवन हॉस्पिटल ग्राम जगदीशपुर पिथौरा, महानदी हॉस्पिटल एवं अंबिका हॉस्पिटल ग्राम खटखटी सरायपाली में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत ईलाज की सुविधा नहीं मिलेगी।

### ट्रक से मवेशी बरामद

**महासमुंद।** तुमगांव पुलिस ने ट्रक में क्रूरतापूर्वक मवेशियों का परिवहन कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले तुमगांव तिराहा के पास रायपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्र. सीजी 04 एमवी 6927 को रोका। जिसमें सवार व्यक्ति ने अपना नाम प्रेमलाल कंवर पिता भागवत राम कंवर (37 वर्ष) कुदरघोडा थाना अंबागढ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी का निवासी होना बताया। ट्रक के पीछे डाला को चेक करने पर उसमें मवेशी थे। पुलिस ने ट्रक के डाला से 2 नग गाय, 1 नग बैल, 2 नग बछड़ा कुल 5 नग मवेशियों को बरामद कर आरोपी के खिलाफ धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि 2004 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बागबाहरा के जिंदल राइस मिल के पास बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है. पुलिस को देवप्रसाद साहू निवासी बिहाझर ने बताया कि 8 नवंबर की शाम करीबन 5 बजे वह खेत में लगी फसल को देखने अपनी बाइक सीजी 06 जीसी 6607 से जा रहा था। जिंदल राइस मिल के पास पहुंचकर अपनी बाइक को साइड में खड़ी कर उस पर बैठकर अपने दोस्त बिसहत साहू का इंतजार कर रहा था। उसी समय पीछे से बागबाहरा की ओर से मोटर साइकिल सीजी 06 जीएस 6825 के चालक अपने वाहन को काफी तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उसकी मोटर साइकिल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वह गिर गया, गिरने से प्रार्थी को चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# बैंककर्मी हड़ताल पर, ई-केवाईसी एवं रकम निकालने भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला सहकारी बैंकों में चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल से किसानों की आर्थिक स्थिति सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। बैंक परिसर के मुख्य द्वार पर लगे ताले ने न केवल दैनिक बैंकिंग कार्यों को रोक दिया है, बल्कि ई-केवाईसी और धनराशि निकासी जैसे अति आवश्यक कार्य के लिए भी किसान भटक रहे हैं।

सहकारी बैंक, ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए वित्तीय समावेश का मुख्य आधार होते हैं। धान खरीदी, फसल ऋण, खाद-बीज की सब्सिडी और विभिन्न सरकारी योजनाओं का पैसा इन्हीं बैंकों के माध्यम से किसानों के खातों में आता है। किसान अपने खातों में जमा धान या अन्य उपज की राशि नहीं निकाल पा रहे हैं। पीएम किसान निधि जैसी योजनाओं के लाभ को जारी रखने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है। बैंक बंद होने के कारण, हजारों किसान अपनी ई-केवाईसी पूरी नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें अगली किश्त से वंचित होने का भय सता रहा है। नए कृषि ऋणों का वितरण और पुराने ऋणों के नवीनीकरण का काम भी रुका हुआ है, जिससे किसानों को आगामी फसल के लिए आवश्यक निवेश करने में देरी हो रही है। इस वर्ष 12.45 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है, जो गत वर्ष के 11 लाख मीट्रिक टन से अधिक है। जिले के 1.65 लाख पंजीकृत किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचेंगे। हालांकि, कर्मचारियों की हड़ताल के कारण तय समय सीमा में खरीदी संभव नहीं लग रही, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

## ई-केवाईसी और निकासी ठप, सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे अन्नदाता

### कर्मचारियों की मांगें और प्रशासन की चुप्पी

बैंक कर्मचारी संघ ने अपनी वेतन विसंगतियों, लंबित वार्षिक वेतन वृद्धि, और उच्च न्यायालय के आदेशों को लागू न किए जाने जैसी मांगों को लेकर यह कदम उठाया है। एक ओर जहां कर्मचारी अपनी मांगों पर डटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर बैंक प्रबंधन और प्रशासन की ओर से इस गतिरोध को खत्म करने के लिए ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही है।



### कैसे चलेगा घर, किसानों का दर्द

बैंक के बाहर घंटों इंतजार कर रहे किसानों ने अपनी व्यथा व्यक्त की हैं कुशल राम पटेल, गोविंद निषाद, मनहरन निषाद एवं अन्य किसानों ने बतायाया हैं कि जो अपनी पैसा निकालने एवं ई केवाईसी कराने आए हैं, घर में राशन खत्म हो गया है और बच्चों की फीस भरनी है। सरकार कहती है कि किसान को सीधा लाभ देंगे, लेकिन जब बैंक ही बंद है तो यह लाभ हमारे लिए अभिशाप बन गया है। ई-केवाईसी न करवा पाने वाले किसान ने चिंता जताई कि अगर ई केवाईसी नहीं हुई तो पीएम किसान निधि की अगली किश्त अटक जाएगी।



## धान खरीदी की तैयारी : उपार्जन केंद्रों में किया गया ट्रॉयल रन

# 29 बिंदुओं की चेकलिस्ट से 74 अफसरों ने 182 केंद्रों में जांची ख़रीदी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए

- कलेक्टर ने कहा : 15 नवंबर से ही शुरू होगी खरीफ फसल की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आगामी 15 नवंबर से शुरु होगी। इसके लिए जिले के सभी 182 उपार्जन केंद्रों में ट्रॉयल रन किया गया, ताकि खरीदी कार्य सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से हो सके। सभी 74 नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने केंद्रों में जाकर 29 बिंदुओं की चेकलिस्ट के आधार पर तैयारी का परीक्षण किया। इस दौरान गोदाम, तोल कांटा, कंप्यूटर प्रणाली, किसान पंजीयन सूची, बारदाना उपलब्धता और सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जांच की गई तथा इसकी रिपोर्ट कंट्रोल यूनिट को भेजी गई।



बता दें कि इस वर्ष 12 लाख 45 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि गत वर्ष 11 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी।

जिले में कुल 1 लाख 65 हजार 288 किसान पंजीकृत हैं, जो अपने धान का विक्रय समर्थन मूल्य पर कर सकेंगे। खरीदी प्रक्रिया की सतत निगरानी के लिए कंट्रोल कमांड यूनिट स्थापित किया गया है तथा जिलेभर में 16 चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां से धान परिवहन और खरीदी गतिविधियों की वास्तविक समय में निगरानी की जाएगी। किसानों को पारदर्शी और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित कराने हेतु प्रशासन पूरी तत्परता से तैयार है।

### किसानों को मिले परिश्रम का सम्मानः लंगेह



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा है कि धान खरीदी की तैयारी अंतिम चरण में है। आगामी 15 नवंबर से हर हाल में जिले में धान खरीदी शुरु होगी। उन्होने कहा कि किसानों के परिश्रम का मूल्य उन्हें समय पर और सम्मानपूर्वक मिले, यह प्राथमिकता में है। कलेक्टर लंगेह ने अफसरों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया है कि खरीदी शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही हो, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को खरीदी केंद्रों में किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## अवैध धान परिवहन पर रोक के लिए कलेक्टर ने सीमावर्ती चेकपोस्टों का किया निरीक्षण

धान खरीदी सीजन के मद्देनज़र ओड़िशा एवं छत्तीसगढ़ की सीमावर्ती चेकपोस्टों का कलेक्टर विनय लंगेह ने निरीक्षण किया। उन्होंने सराईपाली विकासखंड के ग्राम राजाडीह तथा बसना विकासखंड के ग्राम अंकोरी में स्थापित चेकपोस्टों का स्थल निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होनें चेकपोस्टों में तैनात राजस्व, पुलिस एवं सहकारी विभाग के अमले को अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए। ताकि, अन्य राज्यों से अवैध धान की आवाजाही पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। इसके उपरांत कलेक्टर ने सहकारी समिति पहुंचकर आगामी धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में तौल, भंडारण, परिवहन एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।




### 10वें दिन भी जारी, चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन तेज

महासमुंद। चार सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ की हड़ताल लगातार दसवें दिन भी जारी रही। जिलेभर से सैकड़ों कर्मचारियों ने हड़ताल स्थल पर पहुंचकर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद की। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संघ के अध्यक्ष विजय कोसरे ने बताया कि यदि सरकार ने सकारात्मक पहल की तो समाधान अवश्य मिलेगा, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई कुल 452 कट्टा धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान खरीदी के पूर्व अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर सख्त रुख अपनाते हुए लगातार प्रशासनिक कार्रवाई जारी है। जिसके तहत अलग-अलग कार्रवाई के दौरान कुल 452 कट्टा धान जब्त किया गया। जिसमें मंडी सचिव महासमुंद के नेतृत्व में निरीक्षण दल उपनिरीक्षक कमल नारायण साहू एवं अखिलेश राठिया द्वारा दो प्रतिष्ठानों से 152 कट्टा धान जब्त किया गया। निरीक्षण के दौरान लाफिनखुर्द स्थित भारत भूषण साहू के प्रतिष्ठान में 50 कट्टा धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया, जिसे मौके पर ही जब्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम बम्हनी में खिलावन यादव के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया, जहां से 102 कट्टा धान जब्त किया गया। दोनों ही मामलों में संबंधित प्रकरण तैयार कर आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट संबंधित विभाग को प्रेषित की गई है। इसी तरह राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सरायपाली अंतर्गत केंदुवा सागरपाली मेन रोड पर आकस्मि निरीक्षण के दौरान एक पिकअप वाहन में 60 पैकेट वजन लगभग 24 क्विंटल धान अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया एवं मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा ग्राम बकमा में शेखर ट्रेडर्स से 240 कट्टा अवैध धान जप्त कर मंडी के सुपुर्द किया गया। जिला प्रशासन ने कहा है कि धान खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व कोई भी व्यक्ति या व्यापारी अवैध रूप से धान का भंडारण या परिवहन न करे। नियम विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले की सीमाओं पर निगरानी और सघन जांच अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, ताकि समर्थन मूल्य पर खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवैध परिवहन, भंडारण न हो सके।

### पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को योगेश बघेल ने बताया कि 11 नवंबर की रात करीब 08.15 बजे उसकी पत्नी ने फोन कर उसे बताया कि मोहल्ले के मोहित बघेल, चेरू बघेल, भावेश बघेल और उनके दोस्त घर के सामने आकर पुराने विवाद की बातों को लेकर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इसके बाद वह जब आया और गणेश मंदिर चौक बाजार पारा पहुंचा, तभी तीनों आरोपी उसे देखकर गालियां देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे और किसी नुकीली चीज से वार किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के मोहित बघेल वार्ड नंबर 11 बाजार पारा बागबाहरा ने बताया कि 11 नवंबर की रात्रि करीब 8 बजे दुकान बंद करके गणेश मंदिर के पास आया, उसी समय मुझे वहां नरेंद्र जगत से बात कर रहा था। रात्रि करीब 08.30 बजे सुमीत बघेल, चंद्रकांत दीप उसके पास आए और पुराने विवाद को लेकर गालियां देते हुए हाथ मुक्का से मारने लगे, उसी समय यशवंत बघेल और योगेश बघेल भी आकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### ग्राम पंचायत खेमड़ा में 10 लाख के भ्रष्टाचार का आरोप, ग्रामीणों ने की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच की मांग

**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत खेमड़ा में सरपंच और सचिव पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के खिलाफ पंचों और संख्या में ग्रामीणों ने एकजुट होकर सरपंच शंकर लाल ठाकुर और सचिव चंद्राकार साहू पर भ्रष्ट्राचार का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का दावा है कि बीते महज़ आठ महीनों में इन दोनों पदाधिकारियों ने लगभग 8 से 10 लाख रुपये का भ्रष्ट्राचार किया। कलेक्टर को सौंपे गए लिखित शिकायत पत्र में कई सनसनीखेज मामलों का उल्लेख किया है। विकास कार्यों के नाम पर ऐसे बिल लगाए गए, जिनका वास्तव में कोई कार्य नही हुआ। जहां कार्य हुआ भी है, उसकी गुणवत्ता अत्यंत ही खराब और मानकों के विपरीत है। कई ऐसे मामलों में भुगतान कर दिया गया, जहां काम शुरू ही नहीं हुआ था या अधूरा छोड़ दिया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि यह भ्रष्टाचार ग्राम विकास की प्राथमिक आवश्यकताओं जैसे कि सड़क, नाली और अन्य मूलभूत संरचनाओं से संबंधित है, जिससे सीधे तौर पर गाँव के लोगों को नुकसान पहुँचा है। शिकायतकर्ताओं ने जनपद स्तर पर की गई प्रारंभिक जांच की प्रक्रिया पर भी गंभीर आपत्ति दर्ज करते हुए आरोप लगाया है कि यह जांच पक्षपातपूर्ण और अपूर्ण थी। ग्रामीणों का कहना है कि जांच के दौरा शिकायतकर्ताओं को जानबूझकर शामिल नहीं किया गया। घोटाले से संबंधित स्थल का निरीक्षण भी नहीं किया गया। इस अपूर्ण जांच को देखते हुए, ग्रामवासियों ने कलेक्टर से तत्काल एक निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच दल गठित करने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।



## पूर्व सीएम से जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष व सदस्यों ने की मुलाकात

**महासमुंद।** उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार जीव जंतु कल्याण बोर्ड छग के उपाध्यक्ष पद पर आलोक चंद्राकर और सदस्यगण नारायण खंडेलिया, दानेश्वर साहू, मदन देवांगन, मदनमोहन खंडेलवाल ने पदभार ग्रहण किए। जीव जंतु कल्याण बोर्ड ऑफिस पहुंचने पर संयुक्त संचालक डॉ सोनवाने और कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। साथ ही सभी ने आलोक चंद्राकर के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की।

### एथलेटिक्स मीट वुमेंस लीग 14 को

**महासमुंद।** जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा अस्मिता वुमेंस लीग का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता फारेस्ट ग्राउंड बीटीआई रोड महासमुंद में 14 नवंबर को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता का आयोजन जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा किया जा रहा है, जो छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ एवं एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में होगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य बालिकाओं में एथलेटिक्स के प्रति रुचि बढ़ाना, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्रतिभाओं को सामने लाना तथा उन्हे राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से भारतीय खेल प्राधिकरण प्रतियोगिता वर्ग अंडर 14 वर्ग ट्रायथलॉन 60 मीटर दौड़, लम्बी कूद, 600 मीटर दौड़ और अंडर 16 वर्ग जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, 60 मीटर, 600 मीटर, ऊंची कूद, लंबी कूद में बालिकाएं भाग ले सकेंगी। जिले की बालिकाएं ऑनलाईन फॉर्म के माध्यम से इस प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं।

## आपसी मनभेद भुलाकर शहर विकास हमारा प्रथम कर्तव्यः निखिलकांत

# लोहिया व नेहरू चौक का होगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका में पीआईसी की बैठक नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में सभी पीआईसी मेंबरों की उपस्थिति में बुधवार को हुई। इस दौरान शहर विकास से संबंधित कुल 17 एजेंडों पर चर्चा हुई। जिसमें सभी एजेंडों पर सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित हुए। इस दौरान नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि आपसी मनभेद को भुलाकर हम सभी का एक मात्र उद्देश्य होना चाहिए. और वह है शहर का विकास और शहरवासियों के लिए सुविधाओं का विस्तार।

इसी को ध्यान में रखकर आज के पीआईसी की बैठक में इन एजेंडों को प्रस्तुत किया जा रहा है। पीआईसी की बैठक में आज जिन एजेंडों पर चर्चा हुई, उनमें प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 20 स्थित नेहरू चौक का सौंदर्यीकरण, वार्ड 15 स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार (टाउन हॉल) का मरम्मत कराने, फिल्टर प्लांट बेलसोंडा के जर्जर पाइप लाइन की मरम्मत, पार्षद निधि से वार्ड क्रमांक 4 में संजय गिरी घर से अंगत पटेल घर तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 29 शास्त्री चौक से मुक्तिधाम तक आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 10 रेलवे क्रासिंग स्थित जय हनुमान जिम भवन की मरम्मत एवं जिम सामग्री क्रय करने, पार्षद निधि से प्रकाश व्यवस्था किए जाने के लिए एलईडी स्ट्रीट लाइट क्रय करने, वार्ड क्रमांक 15 पटवारी कार्यालय के पीछे सामुदायिक भवन के प्रथम तल में भवन निर्माण कार्य के संबंध में प्राप्त दर के अनुमोदन, मुढ़ैना इंटेकवेल के संयंत्रों की मरम्मत व ट्रांसफार्मर स्थापित करने, लोहिया चौक का सौंदर्यीकरण, कर्मचारियों की हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान सहित कुल 17 एजेंडों पर चर्चा कर सर्व सम्मति से निर्णय लिए गए।




### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर सीएमओ अशोक सलामे, पीआईसी मेंबर गण देवीचंद राठी (उपाध्यक्ष), गुलशन साहू, सूरज नायक, ज्योति रिंकू चंद्राकर, ईश्वरी भोई, जय देवांगन, जितेंद्र ध्रुव, इंजीनियर हेमंत पिस्दा, राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर, जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार, सीताराम तेलक, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी, पीडब्ल्यूडी प्रभारी नरेश ध्रुव, करण यादव, गुमान ध्रुव, यशवंत ठाकुर आदि उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## जेम पोर्टल से खरीदी के लिए नगरीय प्रशासन ने बनाई समिति

**रायपुर।** राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के आदेश के पालन में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों से कहा गया है कि वे सभी खरीदी जेम पोर्टल के माध्यम से करें। खास बात ये है कि खरीदी के हर सौदे पर निगरानी रखने के लिए विभाग ने दो अधिकारियों समेत चार लोगों की समिति का गठन भी कर दिया है। यह समित निकायों के सभी खरीदी संबंधी सौदे की निगरानी रखेगी। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगमों के आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी कर दिया है। यह निर्देश राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के निर्देश के आधार पर दिए गए हैं। निकाय नहीं कर रहे हैं निर्देश का पालन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय निमय 2002 (यथा संशोधित 2022) में संशोधन के नियमावली में उल्लेखित बिन्दुओं अनुसार जेम पोर्टल से सामग्री क्रय किये जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये थे।

## वक्फ की प्रापर्टी पांच दिसंबर तक नए उम्मीद पोर्टल में कराएं अपडेट

**रायपुर।** वक्फ की प्रॉपर्टी को लेकर सभी जानकारी नए उम्मीद पोर्टल में अपलोड कराना अनिवार्य है, इसके लिए 5 दिसंबर तक का समय तय किया गया है। ऐसा न करने पर वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जा या विवाद का खतरा बढ़ सकता है और इसके लिए वक्फ अधिनियम के तहत मुतवल्लियों पर सजा और 20 हजार रुपए जुर्माने का भी प्रावधान है। जानकारी को अपडेट करने से संपत्तियां सुरक्षित रहेंगी, जबकि समय पर पंजीकरण न कराने पर उनका दर्जा समाप्त हो सकता है। यह निर्देश केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित नए वक्फ प्रबंधन नियमों के तहत दिए गए हैं, जिनका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण, बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। बताया गया है कि वक़्फ़ बोर्ड में अपनी मस्जिद, दरगाह, मदरसा, कब्रिस्तान या जो भी प्रॉपर्टी वक्फ की है, वक्फ बाय यूजर वाली प्रॉपर्टी है, जिसे पहले रजिस्टर नहीं कराया था। पहले वक्फ बोर्ड में रजिस्टर कराया था, जो वामसी पोर्टल में था।

## विपश्यना केंद्र में 16 को आनापान शिविर

**रायपुर।** सभी बच्चे आज तेजी से बदलती दुनिया में बड़े हो रहे हैं। उन्हें अपने समक्ष आने वाली चुनौतियों का सामना करने और अपनी पूरी क्षमता विकसित करने के लिए जीवन कौशल की आवश्यकता होती है। ध्यान का अभ्यास उन्हें शांति से और बेहतर तरीके से जीने का तरीका खोजने में मदद कर सकता है। यह उन्हें वर्तमान चुनौतियों से निपटने में मदद करता है और आत्मनिरीक्षण का एक स्वस्थ बीज बोता है, जो बाद में जीवन का एक नया आयाम खोल सकता है।

# विधायक ने सुनी समस्याएं, ग्राम खरोरा बेलसोंडा एवं साराडीह में लगाई जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा बुधवार को ग्राम खरोरा, बेलसोंडा एवं साराडीह पहुंचे और लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही उनकी समस्याओं के उचित निराकरण का आश्वासन दिया। विधायक सिंहा बुधवार को ग्राम खरोरा पहुंचे इसके बाद ग्राम बेलसोंडा एवं साराडीह भी पहुंचे और आमजन से भेंट मुलाकात की। ग्रामीणजनों ने कृषि से संबंधित सहित अलग-अलग समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा।



इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्रति मेरा पूरा समर्पण हमेशा रहेगा। जिस विश्वास के साथ जनता ने मुझे चुना है, उस विश्वास को कायम रखने के लिए मैं पूरा प्रयासरत हूं।

इस दौरान भाजपा नेता राकेश चंद्राकर, संदीप घोष, मुन्ना साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, खरोरा ग्राम सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, बेलसोंडा सरपंच प्रीति त्रिभुवन धीवर, साराडीह सरपंच भारती यादव सहित अन्य नेतागण भामिनी चंद्राकर, लक्ष्मीकांत तिवारी, साजन यादव, प्रेम साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर, हिमांशु परमार, धनेश्वर साहू, कुंती धीवर, वीणा धीवर, नेहा धीवर, नर्मदा धीवर, मधु यादव, भीखम धीवर, शिव यादव, मीनू चंद्राकर, अंशु धीवर, मिला देवांगन, तारा साहू, रामेश्वर साहू, सेवक साहू, डेविड चेलक, भगवान चंद्राकर, जागेश्वर साहू, पुरुषोत्तम सिंह चौहान, मणि चंद्राकर, नारद साहू, मानसिंग साहू, राधेलाल यादव, भोला कुर्रे, लता तिवारी, सुंदर साहू, देवकुमार मार्कंडेय, झाड़ूराम साहू, गीता निर्मलकर, अनीता निर्मलकर, दीना यादव, लालापुरी गोस्वामी, रितु साहू, रेखा साहू, लेखराम रात्रे, शिवचरण निर्मलकर, यशोदा निर्मलकर सहित ग्रामीणजन उपस्थित थें।

# आबकारी टीम ने की बड़ी मात्रा में जब्त की महुआ शराब व लाहन

**सरायपाली।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला आबकारी अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक वृत सरायपाली मिर्जा जफर बेग एवं हृदय कुमार त्रिपुड़े संयुक्त टीम वृत सरायपाली वृत सांकरा द्वारा सरायपाली के ग्राम बैतारी में गुरुदेव तांडी के कब्जे से 06.200 बल्क लीटर महुआ शराब एवं ग्राम रिमजी में गणेश राम चौहान के कब्जे से 07.00 बल्क लीटर महुआ शराब एवं महुआ लाहन 90 किलोग्राम बरामद किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (1) (क) (च), 34(2), आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया और प्रकरण को विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार की कार्रवाई करते हुए विगत दिनों विभागीय टीम द्वारा ग्राम पलसापाली थाना बलौदा में भी विजय खूंटे के रिहायशी मकान से 45 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब, 300 किलोग्राम लाहन एवं एक होंडा शाइन मोटर सायकल बिना नंबर की डिक्की से 10 बल्क लीटर कुल मात्रा 55 बल्क लीटर बरामद करने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। फरार आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (1) (क) (च), 34(2), आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत सरायपाली प्रभारी बेग, आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त साकरा प्रभारी त्रिपुड़े एवं आबकारी आरक्षक देवेश मांझी द्वारा की गई।



# रामकी कंपनी में आधा दर्जन वार्ड को देखने मात्र एक सुपरवाइजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**■ आउटर के तीन जोन दफ्तर में महापौर ने ली बैठक**

महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को नगर निगम के तीन जोन में पहुंचकर पार्षदों, जोन अधिकारियों और रामकी कंपनी के प्रतिनिधि की उपस्थिति में सफाई कार्य की समीक्षा की। इस दौरान उन्हें पता चला, कबीरनगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में पिछले 7 दिनों से लोगों के घरों से कचरा नहीं उठ रहा है। इस अव्यवस्था को लेकर महापौर मीनल चौबे ने रामकी के सिटी प्रतिनिधि को जमकर फटकार लगाते हुए कहा, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन रामकी की जिम्मेदारी है। जिम्मेदारी सही ढंग से नहीं निभाने पर 4 गुना जुर्माना की कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

शहर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा करने महापौर मीनल चौबे इन दिनों जोन दफ्तरों में जाकर अलग-अलग वार्डों में सफाई कार्य को लेकर आ रही परेशानी से अवगत हो रही हैं। मंगलवार को महोबा बाजार स्थित जोन 8, मोवा स्थित जोन 9 और अमलीडीह के जोन 10 कार्यालय में पहुंचकर सफाई कार्यो की समीक्षा की। महापौर ने कहा कि रामकी कंपनी में नगर निगम के 6 वार्डों को देखने वाला मात्र एक सुपरवाइजर है, ऐसे में आधे वार्डों में भी शत-प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य संभव नहीं है। उन्होंने वार्ड पार्षदों से सफाई कार्य का वार्डों में प्रतिदिन निरीक्षण करने हिदायत दी।

## महापौर ने कहा- ऐसे में आधे वार्डो में भी 100 फीसदी डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन संभव नहीं

### अधिकारियों को दी हिदायत

मीनल चौबे ने जोन कार्यालय में सफाई कार्य की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि वे अब हर महीने वार्ड पार्षदों के साथ सफाई व्यवस्था सुधारने वार्डो का निरीक्षण करने फील्ड पर उतरेंगी। उन्होंने वार्डो के सभी घरों से प्रतिदिन शत-प्रतिशत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन सुनिश्चित किए जाने निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान मुख्य मार्ग के नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ सुधारने की हिदायत अधिकारियों को दी।




### ये रहे उपस्थित

अलग-अलग जोन में हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर, जोन अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर, जोन 9 अध्यक्ष गोपेश साहू, जोन 10 अध्यक्ष सचिन मेघानी, एमआईसी सदस्य खेम कुमार सेन,डॉ. अनामिका सिंह, पार्षद भगतराम हरबंश, महेंद्र औसर,अर्जुन यादव, अमन ठाकुर, देवदत्त द्विवेदी, मोहन साहू, मनोज जांगड़े, विनय प्रताप ध्रुव, विनय पंकज निर्मलकर, प्रभा विश्वकर्मा,सावित्री धीवर, रेणु जयंत साहू, सुषमा तिलक साहू, जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, जोन 9 कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, शरद ध्रुव, आशीष शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, बारोन बंजारे, उमेश नामदेव उपस्थित रहे।

## सोनडोंगरी में इकलौता डॉग शेल्टर, न डॉक्टर की व्यवस्था न ही पर्याप्त संसाधन

# शहर में 20 हजार आवारा कुत्ते, रखने की जगह मात्र 100 के लिए, कैसे होगा एनीमल बर्थ कंट्रोल?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**■ बैरनबाजार के पशु चिकित्सालय में सर्जरी के लिए 2 डॉक्टर, 1 गाड़ी, 4 सहायक भरोसे चल रहा अभियान**

शहर में 20 हजार आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनकी सर्जरी करना निगम के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द साबित हो रहा है। शहर में मात्र 100 कुत्तों को रखने के लिए जगह बन पाई है। बाकी कुत्तों को पकड़ भी लिया तो रखेंगे कहां? डॉग सर्जरी के लिए निगम के पास न तो पर्याप्त अमला है, न ही सुविधा युक्त सेटअप तैयार हो पाया। कुल मिलाकर 2 वेटनरी डॉक्टर, 1 डॉग केचर गाड़ी और 4 सहायक के भरोसे एनीमल बर्थ कंट्रोल करने का दावा जरूर उछल रहा है। हालत ये है कि बैरनबाजार के पशु चिकित्सालय के तीन कमरों में 2 वेटनरी डॉक्टर अपने सहायकों के साथ एक दिन में मुश्किल से 10 से 15 स्ट्रीट डॉग की सर्जरी कर पा रहे हैं, जबकि अमले के भरोसे शहरभर के कुत्तों को पकड़ने का जिम्मा है। हालांकि सोनडोंगरी में नगर निगम द्वारा डॉग शेल्टर होम बनाया गया है, जो कि 3 साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया, न वहां डॉक्टर की नियुक्ति हो पाई, न ही पर्याप्त संसाधन हैं।

दरअसल, कुत्तों के काटने की घटनाओं में बढ़ोतरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है और आदेश दिया है कि 8 सप्ताह में सार्वजनिक स्थान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र वाली जगहों से कुत्तों को डॉग शेल्टर होम बंद करें। कोर्ट के आदेश की प्रति आने से पहले ही रायपुर नगर निगम में हड़कंप मच गया है। इसकी खास वजह ये है, रायपुर शहर में 20 हजार आवारा कुत्तों की संख्या है, पर उनके रखने और सर्जरी के लिए निगम के पास न पर्याप्त सेटअप है, न ही आवश्यक संसाधन। ऐसे में सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों की धरपकड़ कर उसकी नियमित सर्जरी और डॉग शेल्टर होम में रखने का फरमान कैसे पूरा होगा, यह एक सवाल बनकर रह गया है।

### शहर के सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर होम 77 कुत्तों के लिए स्पेस

रायपुर नगर निगम के 10 जोन स्थित 70 वार्ड में स्ट्रीट डॉग रखने निगम के पास सोनडोंगरी में इकलौता डॉग शेल्टर होम ही बन पाया है। जहां न तो पर्याप्त संख्या में वेटनरी डॉक्टर की नियुक्ति हो सकी है, न ही आवश्यक संसाधन। 3 साल बाद भी यह सेंटर शुरू नहीं हो सका। इस डॉग शेल्टर होम में 77 कैनाल बनाए गए हैं, जहां एक समय में 77 कुत्तों को रखा जा सकता है, जबकि शहरभर में स्ट्रीट डॉग की संख्या 20 हजार है। विभागीय अधिकारियों का कहना है, शहर के विस्तार को देखते हुए रायपुर के चारों कोने में चार डॉग शेल्टर होम बनाने की जरूरत है, तभी इस अभियान को प्रभावी रूप देने में आसानी होगी।



### अभियान चला रहे

स्ट्रीट डॉग की धरपकड़ कर उनकी सर्जरी कर आक्रामता रोकने नगर निगम अभियान चला रहा है। बैरनबाजार के पशु चिकित्सालय में प्रतिदिन 10 से 15 स्ट्रीट डॉग की सर्जरी दक्ष चिकित्सक द्वारा की जा रही है। सोनडोंगरी के डॉग शेल्टर होम के लिए चिकित्सक नियुक्ति प्रक्रिया में है।

*- डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर*

### सांझ ढलते ही झुंड बनाकर झपटते हैं खूंखार

राजधानी के टिकरापारा, सिद्धार्थ चौक, भाठागांव चौक, पुरानी बस्ती, डगनिया बाजार, आमापारा, गोलबाजार, शास्त्री बाजार, सुंदरनगर, डीडीनगर, शिक्षक नगर, अनुपम गार्डन के पास, कुशालपुर चौक, महामाया पारा, ब्राम्हणपारा, अवधिया पारा, भोईं पारा चौक, आजादा चौक, समता कालोनी, फाफाडीह, देवेंद्र नगर पुराना बस स्टैंड पंडरी, मोवा बस्ती, खम्हारडीह, शंकरनगर सहित शहर के अन्य रहवासी इलाकों में सांझ ढलते ही आवारा कुत्तों के झुंड से आम जनता का निकलना मुश्किल हो रहा है। हालत ये है कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग अकेले घर से निकलने से हिचक रहे हैं। यहां तक कि मार्निंग व इवनिंग वॉक करने वालों को खूंखारों के झपट्टे का भय सताने लगा है। अंधेरा होने और अंजान क्षेत्रों में आने-जाने पर डॉग बाइट का खतरा बना हुआ है।

### निगम का कुत्ता पकड़ो विशेष अभियान हवा-हवाई जोन कमिश्नर, जेडएचओ को दी थी जिम्मेदारी

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने दस जोन के 10 कमिश्नर को उनके जोन क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग की शिकायत पर एक्शन लेने और धरपकड़ के विशेष अभियान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया। जोन के स्वास्थ्य अधिकारी को इसके लिए नोडल अधिकारी बनाया गया। निगम के दस जोन में एक साथ यह अभियान चलाया जाना था। इस अभियान के लिए निगम की ओर से आम जनता की सुविधा के लिए संबंधित जोन अधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी हुए, पर कॉल आने के बाद भी न तो कॉलर के काल रिसीव हुए, न ही उनके शिकायत पर अमल हुआ। निगम आयुक्त के आदेश पर चलाया जाने वाला अभियान कुल मिलाकर हवा-हवाई बनकर रह गया।

### बैरनबाजार के पशुचिकित्सालय में 10 से 15 स्ट्रीट डॉग की प्रतिदिन सर्जरी

नगर निगम के पास बैरनबाजार स्थित पशु चिकित्सालय में स्ट्रीट डॉग की सर्जरी के लिए वर्तमान में केवल एक ही सेंटर है। वहां दो सरकारी वेटनरी डॉक्टर प्रतिदिन शहरभर से शिकायत के आधार पर पकड़ कर लाए गए 10 से 15 डॉग की सर्जरी कर रहे हैं। निगम के पास शहरभर के लिए केवल एक डॉग केचर गाड़ी है, जिसमें 4 चार सहायक, एक वाहन चालक की टीम कुत्तों की धरपकड़ कर सेंटर में लाने का काम करती है। सर्जरी के बाद तीन दिन इन कुत्तों की मानिटरिंग के बाद वापस उसे उसी जगह पर छोड़ा जाता है।

# खारुन में प्राकृतिक बहाव से पानी आना बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**■ अब गंगरेल डेम से रोज 200 क्यूसेक पानी की आपूर्ति**

शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाला पानी बंद हो गया है। पिछले 2 दिन से नगर निगम का जल विभाग शहरवासियों की प्यास बुझाने गंगरेल डेम से पानी खरीद रहा है। नगर निगम के 70 वार्डों में रहने वाले लोगों की पेयजल मांग के हिसाब से प्रतिदिन इस समय 200 क्यूसेक रॉ वाटर की खपत हो रही है। इसमें रायपुर विकास प्राधिकरण की कौशिल्या विहार सहित छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के सरोना, लभांडी सहित अन्य कालोनियों को भी निगम पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। सिंचाई विभाग से पूर्व में हुए अनुबंध के अनुसार गंगरेल डेम में 3.1 टीएमसी रॉ वाटर साल भर की खपत के हिसाब से रायपुर शहर के लिए सुरक्षित रखा गया है।

## छत्तीसगढ़ शांति का टापू, यहां नफरत की राजनीति नहीं चलेगी

**रायपुर।** पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शांति का टापू है, यहां नफरत की राजनीति नहीं चलेगी। छत्तीसगढ़ के लोग अन्य राज्य में भी कमाने-खाने के लिए गए हैं, वहां पर भी समृद्ध हो गए हैं जैसे ओडिशा के नुआपाड़ा, खरियार रोड, महाराष्ट्र के तुमसर रोड, भंडारा, दिल्ली के आरके पुरम, असम के दार्जिलिंग, केंद्र शासित राज्य जम्मू-कश्मीर जैसे कई अन्य राज्यों में निवासरत हैं, जहां उनकी रोजी-रोटी चल रही है, कई लोग उद्योगपति भी बन गए हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शांति का टापू है, लेकिन अपने स्वार्थ सिद्धि, अपनी राजनीति चमकाने के लिए राजनीतिक रोटी सेंकने वाले हम लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। वे यह बताएं कि क्या छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ के बाहर के व्यक्ति अगर छत्तीसगढ़ में पूंजी निवेश नहीं करते, अपने उद्योग धंधे नहीं लगाते तो क्या छत्तीसगढ़ के बेरोजगार लोगों को रोजगार मिल सकता था? क्या कुछ ही लोग दाऊगिरी करते रहते और हम लोगों को गुलाम बनाकर रखे रहते? छत्तीसगढ़ की शांत फिजां को बिगाड़ने की कोशिश न करें।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान बूथ स्तर पर गंभीरता से होगा संचालित

**रायपुर।** मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर आज कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस भवन गांधी मैदान मे आयोजित की गई। बैठक में रायपुर लोकसभा प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कांग्रेस पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रम को लेकर दिशा-निर्देश दिए। शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा, मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को कांग्रेस संगठन बूथ स्तर तक गंभीरता से संचालित करेगा, ताकि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो सके और फर्जी मतदाताओं की पहचान कर उन्हें हटाया जा सके। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में एसआईआर को लेकर विधानसभावार कांग्रेस बीएलए की बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। सभी पदाधिकारियों ने आगामी मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, सफी अहमद, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, शिव सिंह ठाकुर, आकाश शर्मा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रभारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पिथौरा-सरायपाली में एक्सीडेंट, दो मृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिथौरा और सरायपाली में एक्सीडेंट के दो मामलों में दो लोगों की मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालकों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पिथौरा पुलिस को प्रमोद आवड़े निवासी ग्राम सिंघनपुर ने बताया कि 11 नवंबर को उसके बड़े भाई मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जीजेड 1438 से ग्राम सिंघनपुर से अपने ससुराल ग्राम सोनपुर जा रहे थे। करीब 3.30 बजे ग्राम कसहीबाहरा सूखानाला के आगे एनएच 53 में उसके बड़े भाई करण आवडे की मोटर साइकिल को किसी अज्ञात वाहन के चालक तेज रफ्तार लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मार दिया। जिससे उसके बड़े भाई के सिर में चोट आई और उसकी मौत हो गई। मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं सरायपाली पुलिस को नेमीचंद ग्राम गिरसा ने बताया कि 09 नवंबर को उसका भाई खिरसागर निषाद पिता घसिया निषाद (42 साल) गिरसा थाना सरायपाली जिला महासमुंद गांव के कृष्ण कुमार चौहान के मोटर साइकिल हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीवी 7572 में पीछे बैठ कर सब्जी खरीदने सरायपाली आया था। सब्जी खरीद कर वापस गिरसा जा रहे थे। शाम करीब सात बजे ग्राम नवापाली नर्सरी के नीचे पहुंचे थे, तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन मोटर साइकिल चालक के द्वारा तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मोटर साइकिल चालक कृष्ण कुमार चौहान एवं पीछे बैठे उसके भाई खिरसागर के सिर में एवं कृष्ण कुमार को जांघ एवं चेहरा में चोट लगी। इसके बाद 112 वाहन से उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सरायपाली से जाया गया, डॉक्टर द्वारा रेफर करने पर खिरसागर निषाद को महासमुंद शासकीय अस्पताल ले जाया गया और वहां भी रेफर करने पर मेकाहारा अस्पताल रायपुर लेकर गये थे। इसके बात रायपुर से उपचार कराने के बाद गिरसा ला रहे थे, इसी दौरान 10 नवंबर की सुबह 9 बजे उसकी मौत हो गई। वहीं घायल कृष्ण कुमार चौहान का उपचार चल रहा है। मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# ब्रिज के नीचे दुकान, गुमटी नहीं प्ले जोन का चल रहा कंसेप्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**■ नगरनिगम पंडरी, तेलीबांधा के बाद अब तेलघानी नाका ब्रिज के नीचे तैयार कर रहा प्ले जोन**

शहर में अब ओवरब्रिज के नीचे खेलों का आनंद ले सकते हैं। नगर निगम ने पंडरी, तेलीबांधा, देवेंद्र नगर ब्रिज के बाद अब तेलघानी नाका ब्रिज के नीचे स्पोटर्स कल्चर को बढ़ावा देने प्ले जोन तैयार कर रहा है। यहां पर खिलाड़ियों के साथ ही आम जनता भी फुरसत के समय ब्रिज के नीचे बन रहे स्पोटर्स बाक्स का उपयोग निःशुल्क कर सकेगी। ब्रिज के नीचे अवैध कब्जे रोकने निगम प्रशासन ने यह अनूठी पहल की है।

मेट्रो सिटी की तर्ज पर राजधानी के ओवरब्रिज के नीचे अवैध कब्जा हटाने और असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रोकने महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर प्ले जोन कंसेप्ट पर काम किया जा रहा है। यानी ओवरब्रिज के ऊपर शहर दौड़ेगा, नीचे लोग मनोरंजक गेम्स खेल सकते हैं। यहां लोगों के उठने-बैठने की जगह, योगा सेंटर, मल्टी यूटिलिटी प्लान पर भी काम होगा। नगर निगम जोन 7 क्षेत्र स्थित तेलघानी नाका ब्रिज के नीचे वाली जगह को साफ-सुथरा सुंदर रंगरोगन कर खेल हब का रूप दिया जा रहा है। मेट्रो सिटी की तर्ज पर ब्रिज के नीचे सुविधाओं का विकास होगा। इस कड़ी में पूर्व में पंडरी, देवेंद्र नगर और तेलीबांधा में ब्रिज के नीचे प्ले जोन विकसित किया जा चुका है। इसका उपयोग वहां के युवा और खिलाड़ी कर रहे हैं।



### फेसवाइज अलग अलग जोन में काम

राजधानी में अलग-अलग फ्लाई ओवर के नीचे स्पोर्ट्स हब से लेकर काम किया जा रहा है। फेजवाइज अलग-अलग जोन में काम शुरू किया गया है। तेलघानी नाका ओवर ब्रिज के नीचे प्ले हब के लिए काम शुरू किया गया है।

*- विश्वदीप, आयुक्त, नगर निगम रायपुर*

**खबर संक्षेप**

## कश्यप बोले - शासन की योजनाओं का परिणाम धरातल पर दिखाई दे



रायपुर। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, शासन की योजनाओं का वास्तविक परिणाम धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए, जिससे प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का पूर्ण लाभ समय पर मिल सके। श्री कश्यप ने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीण अंचलों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने अपने प्रभार जिला सुकमा के दूरस्थ और अंदरूनी क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं के सेचुरेशन (पूर्ण कवरेज) पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करे और योजनाओं की स्थिति का फीडबैक सीधे ग्रामीणों से प्राप्त करे। दूर गांव से अपनी समस्या लेकर आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और आत्मसमर्पित माओवादी परिवारों के पुनर्वास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## नल के पानी को आरओ वाटर बताकर बेचने वाली फर्म सील



रायपुर। निगम अमले ने शंकरनगर वार्ड स्थित गोरखा कालोनी में स्टार ट्रेडिंग कंपनी को सील कर दिया। इसका प्रोप्राइटर यश शर्मा ने बिना सक्षम स्वीकृति के आरओ वाटर पैकेजिंग, केमिकल मैनिफैक्चरिंग और पैकेजिंग करता था। शिकायत मिलने पर जोन 3 अमले ने स्थल का औचक निरीक्षण किया। जन शिकायत सही मिलने पर तत्काल स्टार ट्रेडिंग कंपनी पर कार्रवाई करते हुए उसे सीलबंद कर दिया। निगम के अधिकारियों ने बताया कि नल के पानी को छोटी-छोटी बोतल में पैक कर आरओर वाटर के नाम से बेचा करता था, लोगों ने इसकी शिकायत जोन दफ्तर में की।

## भाजपा बोली- कांग्रेस ने पीएससी घोटाला किया

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कांग्रेस के संगठन सृजन



अभियान को लेकर कहा, जैसे-तैसे मन बनाकर संगठन को दुरुस्त करने की कांग्रेस नेतृत्व की शुरू हुई कवायद भ्रष्टाचार और लेन-देन के आरोपों के कारण दम तोड़ चुकी है। कांग्रेस में भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार बन गया है। श्री ठाकुर ने कहा, पांच साल तक सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार में मशगूल और मगरूर रही कांग्रेस में तो अब संगठन स्तर पर भी भ्रष्टाचार के आरोप खुलेआम लग रहे हैं। सरकार में रही कांग्रेस ने पीएससी घोटाला किया और संगठन में पीसीसी घोटाला को अंजाम दिया जा रहा है।

### बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान : महासमुंद में प्रतिषेध अधिकारियों का उन्मुखीकरण कार्यशाला

# जिले को बाल विवाह मुक्त करने ली गई शपथ कार्यशाला में सामूहिक भागीदारी पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में महासमुंद जिले में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। स्थानीय आत्मानंद विद्यालय सभाकक्ष में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत नए प्रतिषेध अधिकारियों का एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिषेध अधिकारियों को बाल विवाह रोकथाम के कानूनी प्रावधानों, रिपोर्टिंग तंत्र और सामुदायिक भागीदारी पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही केंद्र सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की उपलब्धियों और रणनीतियों और बाल संरक्षण अधिनियम पर भी प्रकाश डाला गया, जो बालिकाओं के सशक्तिकरण में





महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा पुलिस विभाग द्वारा साइबर जागरुकता अभियान के तहत जानकारी दी गई।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल हुए। इस अवसर पर देवीचंद ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह के मामले छत्तीसगढ़ राज्य में बहुत कम है, लेकिन फिर भी जो कुछ चुनिंदा मामले हैं उन पर त्वरित कार्रवाई विभाग द्वारा किया जा रहा है जो सराहनीय है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य 2028-29 तक पूरे राज्य को बाल विवाह मुक्त घोषित करना है, और इसके लिए हर स्तर पर सजगता आवश्यक है। हम सबको एक जुट होकर जिले को बाल विवाह मुक्त जिला घोषित करना है। इस अवसर पर पार्षद पीयूष साहू, कल्पना सूर्यवंशी, पूर्व पार्षद राजू चंद्राकर, डीएसपी चुन्नू तिग्गा, नईम ख़ान, शरद मराठा, गौरव राठी, बाल संरक्षण अधिकारी खेमचंद चौधरी, ग्राम पंचायत के सचिव एवं महिला बाल विभाग के परियोजना अधिकारी शैल नाविक, अपर्णा श्रीवास्तव, मनीषा साहू एवं पर्यवेक्षक शीला प्रधान सहित सभी पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यशाला में परियोजना अधिकारी मनीषा साहू ने सभी के समक्ष बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि लड़कियों की न्यूनतम विवाह आयु 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष है। अधिनियम के तहत विवाह कराने वालों को दो वर्ष तक की कैद और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महासमुंद में पिछले दो वर्षों में बालिकाओं की एनीमिया दर में 15 प्रतिशत की कमी आई है और स्कूल ड्रॉपआउट दर घटी है। उन्होंने कहा, बेटी को बचाना और पढ़ाना ही बाल विवाह रोकने का मूल मंत्र है। अभियान के अंतर्गत 500 से अधिक बालिकाओं को स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। इसके अलावा, साइबर जागरुकता अभियान अंतर्गत किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत प्रभावित बच्चों की सुरक्षा और पुनर्वास पर पुलिस विभाग द्वारा जानकारी दी गई। कार्यशाला में समापन सत्र में बाल विवाह मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई गई।

## रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने पांचवीं राज्य स्तरीय फिनस्विमिंग चैंपियनशिप में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्रों ने छत्तीसगढ़ फिनस्विमिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित 5वीं राज्य स्तरीय फिनस्विमिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 2 नवंबर 2025 को अक्षांश इंटरनेशनल स्विमिंग पूल, रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित की गई थी, जिसमें राज्यभर के अनेक विद्यालयों के प्रतिभावान तैराकों ने भाग लिया।




इस प्रतियोगिता में रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मयंक पटेल ने 50 मीटर सरफेस स्विमिंग स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। पार्थ चंद्राकर ने अपनी बेहतरीन गति और तकनीक से 50 मीटर बाई-फिंस स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, रौनक मांझी ने अपने दृढ़ निश्चय और परिश्रम के बल पर 50 मीटर सरफेस स्विमिंग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के स्विमिंग कोच पीयूष ने बताया कि विद्यार्थियों ने निरंतर अभ्यास और अनुशासन के बल पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ खेलों के प्रति रूचि भी उत्पन्न करती हैं।

विद्यालय की प्राचार्या तथा संपूर्ण विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष जताया। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे विद्यार्थी विद्यालय और समाज दोनों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं।

## छात्रों ने छग राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित देवभोग का किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने 10 नवंबर को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया। प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष प्राची गुप्ता के निर्देशन में भ्रमण का उद्देश्य दूध प्रसंस्करण, दूध संग्रहण, दूध पैकेजिंग, दूध से निर्मित विभिन्न वस्तुएं जैसे साद, कढी, दही, पनीर, मसाला छाछ, लस्सी, श्रीखंड, छेना रबड़ी, पेड़ा, खोवा, घी ऐसे विभिन्न वस्तुएं मशीन संयंत्रों से निर्मित की जाती है। इन सभी स्वरूप से अवगत कराना था। विभागाध्यक्ष प्राची गुप्ता तथा सहायक प्रध्यापक डॉक्टर गायत्री प्रसाद पटेल और भुवनेश्वर नंद के नेतृत्व में एम कॉम, बी कॉम वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ दूध से बनी विभिन्न वस्तुओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। देवभोग संयंत्र के मुख्य प्रबंधक और सहायक प्रबंधक शशांक निर्मलकर अधिकारी एवं




कर्मचारियों ने दूध से निर्मित वस्तुओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान कराया गया और विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धक और व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक शैक्षणिक भ्रमण किया।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 को, विधायक को दिया आमंत्रण

**महासमुंद।** आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि आदिवासी समाज द्वारा 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को गौरव दिवस के रुप में मनाया जाएगा। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर 15 नवंबर को भगवान बिरसामुंडा के जयंती कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।



इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक को आमंत्रित किया। इस दौरान मुख्य रुप से एसपी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, डमरुधर मांझी आदिवासी विकासमंच नई दिल्ली, सरजू सिंह कुंजाम अध्यक्ष बम्हनेश्वर परिक्षेत्र, जितेंद्र ध्रुव पार्षद वार्ड नं.05 महासमुंद, शिवकुमार ध्रुव अध्यक्ष खल्लारी ब परिक्षेत्र, एमएल ध्रुव जिलाध्यक्ष छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ महासमुंद, भानुप्रताप ठाकुर ब्लाक प्रभारी पिथौरा, अश्वनी कुमार ध्रुव सदस्य एवं संजय कुमार ध्रुव सदस्य जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ आदि मौजूद रहे।

## पिरदा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 10 नवंबर से 16 नवंबर तक ग्राम पिरदा (सिरपुर रोड) में किया जा रहा है।





कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम सरपंच श्यामबाई पटेल (मुख्य अतिथि) एवं संतोष डहेरिया प्राचार्य शा.हा.से. स्कूल पिरदा के अध्यक्षता में हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती, गाँधी एवं विवेकानद के तस्वीर पर माल्यार्पण कर हुआ। कार्यक्रम अधिकारी अनिता वंजारी ने बताया कि इन सात दिवसीय शिविरों में श्रमदान, परियोजना कार्य, बौद्धिक कार्यक्रम, ग्राम संपर्क/संर्वेक्षण, खेलकुद एवं संस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। परियोजना कार्य में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशु टीकाकरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर, कृषि विभाग द्वारा कृषि संबंधि जानकारी एवं नशामुक्त देश निर्माण के विषय में जानकारी दी जाएगी। श्रम दान कार्य के अर्तग्रत शाला प्रागण ग्रांव की गलियों की साफ सफाई, पानी सोक्ता निर्माण किया जाएगा। मुख्य अतिथि पटेल द्वारा आशा व्यक्त की गई कि इस शिविर द्वारा निश्चित ही ग्रामवाषियों को नेक काम करने में प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में शाला की उप प्राचार्या मिताली गुरुंग अनेक ग्रामवासी एवं स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे। आज बौद्धिक चर्चा में राधेश्याम साहू द्वारा चेतना विकास का मूल शिक्षा तथा पर्यावरण पर प्रकाश डाला गया।

## 99 हजार से अधिक हितग्राहियों को मिल रहा विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को मिल रही आत्मसम्मान पूर्ण जीवन की नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य और केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाएं अब जिले के हजारों परिवारों के लिए संबल बन चुकी हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। ताकि कोई भी बुजुर्ग, दिव्यांग या निराश्रित व्यक्ति जीवन के अंतिम पड़ाव पर असहाय महसूस न करे। सितम्बर 2025 तक जिले में कुल 99 हजार 381 हितग्राहियों को विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है। इनमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 34,310, राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना में 9,997 तथा राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 973 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। इसी प्रकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से 24,686, सुखद सहारा पेंशन योजना से 9,272 और मुख्यमंत्री पेंशन योजना के अंतर्गत 20,143 पात्र नागरिकों को नियमित आर्थिक सहायता दी जा रही है।



विभाग द्वारा सिर्फ पेंशन ही नहीं, बल्कि संवेदना के साथ सहायता भी दी जा रही है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले निराश्रित, निर्धन और दिव्यांग नागरिकों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत अब तक 54 जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है, जिससे विपत्ति के समय उन्हें तात्कालिक राहत मिल सकी है। जिले में निराश्रित एवं निर्धन व्यक्तियों की सहायता अधिनियम और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत पात्र व्यक्तियों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण और आवश्यक सहयोग प्रदान किया।



## रेडक्रास शिविर में छात्रों ने सीखा कराते

**महासमुंद।** मंगल भवन में आयोजित तीन दिवसीय एनसीसी रेडक्रॉस कैंप में इन्टरनेशनल कराते मास्टर नीलकंठ साहू, खुशी साहू, शेखर साहू और कराते खिलाड़ी ईशान साहू, निकुंज साहू, तुषार डडसेना, कुशाग्र गायकवाड़, प्रांजल साहू, तुलसी साहू, सोनाक्षी, लीना सौरभ ध्रुव, डिम्पल गोस्वामी, तुलसी बया, सिमरन रात्रे, सिमरन बघेल द्वारा शानदार कराते सेल्फ डिफेंस योगा मेडीटेशन जुंबा फिटनेस वर्कआउट योग मेडिटेशन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। लड़कियों को सुरक्षा के लिए विशेष सेल्फ डिफेंस टेक्निक का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें दिनचर्या में उपयोग होने वाली चिजों स्कार्फ पेन पिन चाबी का उपयोग सेल्फ डिफेंस के रूप में करने के तरीके सिखाए गए, जिसे प्रशिक्षणार्थियों ने मन लगाकर सिखा। इस अवसर पर गोस्वामी ने शानदार प्रशिक्षण और जोरदार सेल्फ डिफेंस प्रदर्शन के लिए मास्टर नीलकंठ साहू, लेडी कराते ट्रेनर खुशी साहू, मास्टर शेखर साहू एवं उनकी पुरी टीम को प्रतिक चिन्ह मोमेन्टो एवं बुके देकर सम्मानित किया ।

## प्रसिद्ध लोक गायक लक्ष्मण मस्तुरिया को दी गई संगीतमय श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक गायक लक्ष्मण मस्तुरिहा को संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान का पंद्रह वर्ष पुराना एक संकल्प और पूरा हुआ। काव्यांश का पहला संकल्प स्थानीय नवोदित साहित्यकारों को अवसर और मंच प्रदान करना है। इस उद्देश्य में हम काफी सफल हुए हैं। सैंकड़ों साहित्यकारों ने इस अवसर का विशिष्ट लाभ उठाया। दूसरा संकल्प स्थापित कलाकारों के स्थान पर नवोदित कलाकारों को स्थान देना। यह दूसरा संकल्प कल से साकार लेना शुरू कर दिया है। इस संकल्प को पूरा करने में काव्यांश के संगीतकार बीआर साहू (सेवा निवृत्त मुख्य अभियंता) का अमूल्य योगदान है। कार्यक्रम में काव्यांश के संरक्षक सर्व प्रलय थिटे, दाऊ लाल चंद्राकर, डा. अनुसुइया अग्रवाल, बीआर साहू विशेष रुप से उपस्थित थे। जबकि, नगर के नागरिकों में भूपेंद्र राठौड़, चंद्रशेखर साहू, डां. रामशरण चंद्राकर, विरोध असगर, नरेश साहू, युवराज साहू, किशोर शुक्ला, दौलत चंद्राकर, शीतल मानिकपुरी, सुरेन्द्र अग्निहोत्री, रामकुमार साहू, पुष्पा साहू, निर्मला जगत, लता साहू उपस्थित थे। संचालन सुरेंद्र मानिकपुरी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन वरिष्ठ संरक्षक प्रलय थिटे ने किया। उपरोक्त जानकारी काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के उपाध्यक्ष डी बसंत साव साहिल ने दिया।

## शांत्रीबाई महाविद्यालय में हुआ ऑनलाइन कॅरियर मार्गदर्शन वेबिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शांत्रीबाई कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस स्ट्डीस एजुटेक प्राइवेट लिमिटेड पुणे (महाराष्ट्र) के सहयोग से उच्च शिक्षा एवं रोजगार के संबंध में करियर मार्गदर्शन विषय पर एक व्यापक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। इस ज्ञानवर्धक ऑनलाइन आयोजन का मार्गदर्शन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर तथा कार्यक्रम का कोऑर्डिनेशन सहायक प्राध्यापक गोविंद श्रीवास ने किया।

वेबिनार में मुख्य वक्ता विशेषज्ञ करियर सलाहकार डॉ. हर्षिता सोनी थीं। उन्होंने डिजिटल माध्यम से विद्यार्थियों को शैक्षणिक और पेशेवर जीवन के विभिन्न महत्वपूर्ण आयामों पर केंद्रित मार्गदर्शन दिया। सत्र का मुख्य फोकस उन प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं और करियर के अवसर पर रहा, जो भारत में सबसे अधिक प्रतिष्ठा और अवसर प्रदान करते हैं।

एनईटी, एसईटी परीक्षाओं के माध्यम से कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर बनने की योग्यता प्राप्त होती है। साथ ही उच्च रैंक पर शोध के लिए जूनियर रिसर्च फेलोशिप भी मिलती है। इसके लिए योग्यता संबंधित विषय में 55 त्न अंकों के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री होनी चाहिए।



पीएचडीः यह किसी भी विषय में सर्वोच्च शोध उपाधि है, जो उम्मीदवारों को अकादमिक और अनुसंधान के क्षेत्र में विशेषज्ञ बनाती है।

इसमें चयन परीक्षा में प्राप्त किए गए अंक के आधार पर और कुछ स्थानों पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। जीएटीईः इंजीनियरिंग और विज्ञान स्नातकों के लिए यह परीक्षा शीर्ष तकनीकी संस्थानों में प्रवेश और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सीधे इंजीनियरिंग पदों पर नियुक्ति का मार्ग खोलती है।

सीएः वाणिज्य संकाय के छात्रों के लिए यह पेशेवर उपाधि लेखांकन, कराधान और वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में उच्च स्तरीय कॉर्पोरेट करियर सुनिश्चित करती है। इसके लिए योग्यता 55 त्न अंको के साथ वाणिज्य विषय में ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए। सिविल सेवाएंः संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित यह परीक्षा, सफल उम्मीदवारों को देश और राज्य के प्रशासन और नीति-निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए आईएएस, आईपीएस प्रतिष्ठित सेवाओं में लाती है। इसके लिए योग्यता किसी भी विषय में ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए। डॉ. सोनी ने छात्रों को इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक सुव्यवस्थित अध्ययन योजना और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। वेबिनार के सफल और सुचारु संचालन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### तेंदूकोना में शराब दुकान की हुई ओपनिंग

**तेंदूकोना।** भारी विरोध के बाद आखिरकार तेंदूकोना में सरकारी शराब दुकान की ओपनिंग हो गई है। बता दें कि यहां सरकारी शराब दुकान खुलने से अवैध शराब की बिक्री पर लगाम लगेगी। हालांकि, यहां के आश्रित ग्राम साल्हेभाठा की महिलाओं ने तीन माह पूर्व शराब दुकान नहीं खोले जाने की मांग की थी, पर व्यापारियों द्वारा शराब दुकान खुलने की मांग पर मुहर लगी।

### यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए शिविर 17 से

**महासमुंद।** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत अधिसूचित 21 प्रकार के दिव्यांगता के आधार पर दिव्यांगता धारक व्यक्तियों का प्रमाणीकरण जिला मेडिकल बोर्ड जिला चिकित्सालय महासमुंद द्वारा किया जाना है। जिसके लिए जिले में प्रथम चरण में विकासखंड स्तर पर शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। जिसमें सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 10 नवंबर को आयोजित शिविर की तिथि में संशोधन करते हुए उक्त शिविर गुरुवार 20 नवंबर 2025 को ग्राम पंचायत जोगनीपाली में किया जाएगा। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 17 नवंबर को ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा कला में, बसना विकासखंड अंतर्गत 24 नवंबर को ग्राम पंचायत गनेकेरा, पिथौरा विकासखंड अंतर्गत 01 दिसंबर को ग्राम पंचायत सांकरा एवं महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 8 दिसंबर को जनपद पंचायत महासमुंद में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### ईएफ वितरण एवं वालंटियर प्रशिक्षण का निरीक्षण

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय लंगेह ने तहसील सरायपाली के विभिन्न ग्रामों में मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम केजुआ में बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची के ईएफ वितरण कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर लंगेह ने उपस्थित बीएलओ को शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि सभी पात्र मतदाताओं तक प्रपत्र समय पर पहुंच सकें।

# नारी में विद्यमान सप्त शक्तियां उसे परिवार को सुसंस्कृत व संपन्न बनाने में बनाती है सक्षम : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुनीता पांडे अखिल भारतीय सह संयोजिका एवं क्षेत्रीय संयोजिका (बालिका शिक्षा, सप्तशक्ति संगम) रहीं। विशेष अतिथि के रूप से शशि प्रभा थिटे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. ज्योति चोपड़ा व संध्या शर्मा (जिला संयोजिका सप्तशक्ति संगम एवं आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष) उपस्थित थी। मां भारती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

स्वागत उपरांत मनोज साहू, प्रांतीय बालिका शिक्षा प्रमुख ने सप्तशक्ति संगम की प्रस्तावना एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सप्तशक्ति संगम का उद्देश्य संयुक्त परिवार की संकल्पना को सुदृढ़ करना तथा स्त्री में निहित सप्त शक्तियां- कीर्ति, वाक, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा को जागृत कर परिवार एवं समाज निर्माण में नारी की भूमिका को सशक्त बनाना है। मुख्य वक्ता सुनीता पांडे ने अपने उद्बोधन मंश भारतीय परिवार परंपरा, संयुक्त परिवार की महत्ता एवं वर्तमान समय में परिवारों में आ रहे बिखराव पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि नारी में विद्यमान सप्त शक्तियां उसे परिवार को सुसंस्कृत व संपन्न बनाने में सक्षम बनाती हैं। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वबोध, नागरिक कर्तव्य बोध और कुटुंब प्रबोधन इन पंच परिवर्तनों से भारत पुनः विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित होगा। उन्होंने कहा कि परिवार केवल "मैं और मेरा" तक सीमित नहीं, बल्कि माता की पाँच और पिता की सात पीढ़ियों का समन्वय ही कुटुंब कहलाता है।





**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महिलाओं ने लिया हिस्सा**

कार्यक्रम की संकल्पना अनुसार संयुक्त परिवार की वरिष्ठ माता प्रतिमा बघेल, देश सेवा में लगे डॉक्टर की माता कमला चंद्राकर तथा द्रौपदी चंद्राकर का सम्मान किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। रानी लक्ष्मीबाई, जीजामाता, अहिल्याबाई होलकर एवं तीजनबाई जैसी वीरांगनाओं की वेशभूषा में बालिकाओं ने आकर्षक एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम अनुभव कथन कृष्णा चंद्राकर एवं निरंजना चंद्राकर ने साझा किए। बालिकाएं लीना साहू, रानी लक्ष्मीबाई, पूजा साहू, उमेश्वरी नेताम, ऐश्वर्या आदि ने भारत माता की भूमिका में ओजस्वी वक्तव्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन प्रिया राजू सिन्हा द्वारा संकल्प के साथ किया गया। इस आयोजन को संपन्न कराने में विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, विद्यालय की सप्तशक्ति संगम की सह संयोजिका एवं बालिका विद्यालय की बालिका शिक्षा प्रभारी दुर्गेशनंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, तारनी गोस्वामी, मल्लिका चंद्राकर, किरण सोनी, गुरबारी सोनी, निशा गोस्वामी, उत्तरा सिन्हा, टिकेश्वरी चंद्राकर, तनूजा साहू, साक्षी घोड़ेचोरे पूर्व छात्राएं एवं आसपास की महिलाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन कन्या भारती अध्यक्ष योगिता ध्रुव ने किया।

### सशक्त नारी ही सशक्त समाज की पहचानः शशिप्रभा

विशेष अतिथि शशि प्रभा थिटे ने अपाला, मैत्रेयी, सिंधुताई जैसी भारतीय नारियों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारतीय नारी जब अपनी शक्तियों को पहचानती है, तो परिवार, समाज और राष्ट्र सभी प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हैं। नारी ही सृष्टि की जननी है और सशक्त नारी ही सशक्त समाज की पहचान है। उन्होंने पन्ना धाय, जीजामाता, हाड़ा रानी जैसी वीरांगनाओं की गाथाओं का उल्लेख करते हुए नारी शक्ति के त्याग, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति का प्रेरक संदेश दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डा. ज्योति चोपड़ा ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल आयोजन नहीं, बल्कि नारी शक्ति और सांस्कृतिक चेतना का सजीव संगम है। व्यक्ति निर्माण से ही परिवार एवं समाज निर्माण संभव है। आभार प्रदर्शन संध्या शर्मा ने किया।

## आयोजन : कोसरिया मरार पटेल समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन

# आने वाली पीढ़ी को उच्च शिक्षा प्रदान कर ज्ञानवान बनाएंः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नर्रा



छत्तीसगढ़ प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित 9 नवंबर को बालोद जिले के डौंडीलोहारा विखं के ग्राम संबलपुर में युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं शाकंभरी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा शांकभरी माता, भगवान श्रीराम, महात्मा ज्योतिबा फूले एवं सावित्री बाई फूले की तैल चित्र पर पूजा अर्चन कर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी समाज एवं राष्ट्र की उन्नति का मुख्य आधार है। इसलिए हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि आने वाली पीढ़ी को उच्च शिक्षा प्रदान कर ज्ञानवान बनाएं। मुख्यमंत्री साय ने कोसरिया मरार समाज को धरती माता की सेवा करने वाला मेहनतकश समाज बताते हुए समाज के कार्यों की भूरि-भूरि सराहना की। उन्होंने कहा कि कोसरिया मरार समाज द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं शाकंभरी महोत्सव को समाज का महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए इसकी मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सुदृढ़ करने के साथ-साथ स्वजातीय जनों के बीच मेल-मिलाप और एकता को भी प्रोत्साहित करते हैं। मुख्यमंत्री साय ने समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह की भी सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल अनावश्यक खर्च को रोकते हैं, बल्कि समाज के कमजोर तबके को आर्थिक संबल भी प्रदान करते हैं।

मुख्यमंत्री साय ने समाज एवं राष्ट्र के विकास में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा केवल शासकीय सेवाओं के लिए ही नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने समाज के सभी परिवारों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की समुचित शिक्षा-दीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने नशा को समाज की अवनति का प्रमुख कारण बताते हुए समाज के लोगों से नशापान से सर्वथा दूर रहने की अपील की।

**सभी समाज की प्रगति ही राज्य व देश की प्रगति का आधारः** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सभी समाजों की प्रगति ही छत्तीसगढ़ राज्य एवं देश की प्रगति का आधार है। मरार समाज की उन्नति में ही प्रदेश की उन्नति निहित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज का यह आयोजन निश्चित रूप से कोसरिया मरार समाज की एकता और प्रगति को नई दिशा देगा। साय ने कहा कि मरार समाज खेती-किसानी और सब्ज़ी उत्पादन के माध्यम से न केवल समाज के सभी वर्गों की सेवा कर रहा है, बल्कि राज्य और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अन्नदाता किसानों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए प्रति क्विंटल 3100 रुपए की दर से धान खरीदी कर रही है। साथ ही राज्य में सिंचाई के रकबे में वृद्धि हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त राज्य में पशुपालन को प्रोत्साहित करने तथा दलहन-तिलहन फसलों के उत्पादन में वृद्धि हेतु भी ठोस व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कोसरिया मरार समाज द्वारा प्रकाशित युवक-युवती परिचय माला पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने शाकंभरी महोत्सव के दौरान आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में परिणय-सूत्र में बंधने वाले नव-दंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें सुखी एवं सफल दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। समारोह में संजारी-बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुख तथा स्वाजाति बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# साल का अंतिम नेशनल लोक अदालत 13 को



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी 13 दिसंबर शनिवार को सम्पूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह वर्ष 2025 का चतुर्थ एवं अंतिम लोक अदालत होगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशली कदम है। इसके लिए जिला न्यायालय महासमुंद तथा तलुका स्थित सभी न्यायालयों पर 13 दिसंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा जिला न्यायालय के वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा नेशनल लोक अदालत के तैयारी के संबंध में प्री-लिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले विभिन्न विभाग जैसे राजस्व, पुलिस विभाग, नगर पालिका, जिला पंचायत, आबकारी, सिंचाई, यातायात, विद्युत, परिवहन, खनिज, स्वास्थ्य, वन, श्रम एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर प्री लिटिगेशन संबंधी मामलों का आगामी आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा करते हुए जिले में लंबित राजीनामा योग्य सभी प्रकरणों की पक्षकारों से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए खंडपीठों के माध्यम से अधिकाधिक प्रकरणों की निराकृत करते हुए नेशनल लोक अदालत को लोगों के लिए सुलभ बनाने पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर सहित उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# स्काउट-गाइड के तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में हुआ महाज्वाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर कोसरंगी के चतुर्थ दिवस महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर जिला मुख्य आयुक्त स्का गा एवं अध्यक्ष छग राज्य बीज निगम, अध्यक्षता येतराम साहू जिलाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथिगण निधि लोकेश चंद्राकर जनपद सदस्य, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिलायुक्त स्का, कौशलेंद्र वैष्णव ब्लाक अध्यक्ष, तारा चंद्राकर ब्लाक उपाध्यक्ष, नीतीश वास्तव ब्लाक उपाध्यक्ष, सुरेश साहू सरपंच कोसरंगी, झड़ी राम विश्वकर्मा उपसरपंच, शशि अविनाश चंद्राकर, फलेश्वर साहू पंच, मालती विश्वकर्मा पंच, सोहन लाल साहू, रेखराज शर्मा डीएमसी समग्र शिक्षा, लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, भूमिका लूनिया, सुधा चंद्राकर, उत्तम वर्मा रहे।

महाशिविर ज्वाल मुख्य अतिथि द्वारा मशाल जलाकर किया गया, जिसे सभी अतिथि व प्रतिनिधिगण एक-एक कर प्रज्वलित किए। शिविर ज्वाल गीत का सामूहिक गान के बाद स्वागत उद्बोधन हुआ। शिविर संचालक तुलेंद्र सागर ने बताया कि इस शिविर में विकासखंड के शासकीय अशासकीय मिडिल स्कूल, हाई एवं हायर सेकंडरी के 25 स्कूल से 109 स्काउट, 167 गाइड्स, 28 प्रभारी टीचर्स, 13 संचालक मंडल सदस्य, 14 सर्विस रोवर रेंजर, 5 रसोइया कुल 342 समिल्लित है। पश्चात स्काउट गाइड द्वारा स्कूलवार सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति व लोक गीतों व लोक नृत्य से ओतप्रोत मनमोहक प्रस्तुति से ग्रामीणजनों को अपने ओर आकर्षित करते रहे। साथ ही विभिन्न संदेशों के माध्यम से लोगों को जनजागृति का भी सन्देश दिए।

उद्बोधन की कड़ी में चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि स्काउट गाइड एक विश्व स्तरीय संस्था है। जिसके आप सभी सदस्य हैं। सभी ईमानदारी से पहले विद्या अध्ययन कर सफल हों। अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा करें। डीईओ लहरे ने कहा कि हमारे स्काउट गाइड के बच्चे ईमानदार व अनुशासित एवं साहसिक होते हैं। ऐसे ही ईमानदारी से अध्ययन भी करें, जिससे हमारे जिला की शिक्षा स्तर में बढ़ोतरी होगी। पालकों से आग्रह किया अभी बोर्ड परीक्षा तक बच्चों से घरेलू कार्य थोड़ा कम कराए, जिससे उनके परीक्षा परिणाम अच्छा आएगा। डीएमसी रेखराज शर्मा ने बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देख कर सिरपुर महोत्सव में स्काउट गाइड की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम देंगे। जिलाध्यक्ष येत राम साहू ने कहा कि मुझे गर्व है कि हमारे स्काउट गाइड तृतीय सोपान के बाद राज्यपाल पुरस्कार के लिए जाएंगे, यह हमारे जिला की बहुत बड़ी उपलब्धि होगा। आभार प्रदर्शन लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संचालन हीरेंद्र साहू व भावना पांडब ने किया।

इस अवसर पर लता वैष्णव ब्लाक सचिव, प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव, लीनू चंद्राकर डीओसी गा, हिरेन्द्र साहू ब्लाक सहसचिव, तामेश्वरी साहू जिला गाइडर, रामकुमार साहू जिला मुख्यालय आयुक्त, मधु शर्मा सीनियर गाइडर, कमल लूनिया पूर्व डीओसी, बेदराम रात्रे, अजय तांडी, रूपा पांडेय, मनीषा नंदेश्वर, प्रभारी शिक्षक भावना पांडब, कमलेश्वरी साहू, रितेश जोशी, नरेश विश्वकर्मा, गोविंद देवांगन, रामकुमार भट्ट, दीलिप टंडन, होमेश साहू, सुषमा साहू, मंजूषा साहू, लीना चंद्राकर, तारूण साहू, नरोत्तम चक्रधारी, बलि राम ठाकुर, नम्रता कन्नौजे, दीपक कुमार साहू, कृष्ण कुमार सिन्हा, रेखा राजपूत, कुंती पटेल, टिकेश्वरी चंद्राकर, स्वाति साहू, कुसुम देवांगन, रोशन धृतलहरे, मोहित वर्मा, जितेंद्र चक्रधारी, ममता चंद्राकर, हेम कुमारी साहू, धर्मराज चंद्राकर, प्रेम पटेल, भूपेंद्र, भूपेंद्र साहू, लुकेश, लता, नीरा, कल्पना आदि उपस्थित रहे।

# छुईपाली में होगा फुलझर राज झेरिया यादव समाज का महासम्मेलन 3 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांकरा

12 नवंबर 2025 को मां रूद्रेश्वरी मंदिर सिंघोड़ा में फुलझर राज झेरिया यादव समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के केंद्रीय अध्यक्ष जगतराम यादव ने की। जबकि संचालन बसना तहसील अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने किया।



बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फुलझर राज झेरिया यादव समाज का भव्य महासम्मेलन आगामी 3 दिसम्बर 2025 को ग्राम छुईपाली में आयोजित किया जाएगा। इसी दिन ग्राम छुईपाली में राधा कृष्ण मंदिर का पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान भी होगा। बैठक में समाज के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने तन-मन-धन से सहयोग का संकल्प लिया। समाज के सभी वर्गों में इस आयोजन को लेकर गहरा उत्साह और एकजुटता का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष जगतराम यादव ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज को एकजुट कर शिक्षा, संस्कार और संगठन की दिशा में आगे बढ़ाना है। आगामी महासम्मेलन समाज की एकता, सामर्थ्य और गौरव का प्रतीक बनेगा। वहीं बसना तहसील अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि छुईपाली में होने वाला राधा कृष्ण मंदिर का पूजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हमारी आस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। समाज का हर सदस्य इस अवसर पर अपनी सक्रिय भागीदारी निभाकर इसे ऐतिहासिक बनाए। बैठक के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने महासम्मेलन और मंदिर पूजन कार्यक्रम की सफलता के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# शिविरार्थियों एवं काउंसिलरों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

## जिला स्तरीय तीन दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

स्थानीय अंबेडकर भवन में जिला स्तरीय तीन दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन का हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंदूलाल साहू पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष राज्य भंडार गृह निगम, अति विशिष्ट अतिथि हेमन्त रमेश नंदनवार सीईओ जिला पंचायत, अध्यक्षता संदीप दीवान सभापति भा.रे.कॉ.सो, विशेष अतिथि भूपेंद्र राठौर उपाध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी, एतराम साहू अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड, डॉ एमवाय मेमन, अनिता रावटे पूर्व सभापति, दाऊलाल चंद्राकर पूर्व उपसभापति, अरुणा शुक्ला, करुणा दुबे प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय, शिविर संचालक डॉ मालती तिवारी, परमानंद साहू, आनंद राम साहू मंचस्थ रहे। प्रबंध कार्यकारणी सदस्य माधव टांकसाले, मनीष शर्मा, सती साहू, आकाश पांडे एवं अभिषेक पांडे के कुशल नेतृत्व में प्रशिक्षण हुआ।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद साहू ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए सेवा आवश्यक है। संदीप दीवान ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का विस्तृत जानकारी दी। भूपेंद्र राठौर ने कहा कि अंधविश्वास को दूर करना आवश्यक है। साथ ही पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। एतराम साहू ने कहा कि अपने प्रशिक्षण को आगे लोगों तक पहुंचाए, जो भी शिक्षा प्रशिक्षण में मिलती है वह अमूल्य होता है। करुणा दुबे द्वारा सभी शिविरार्थियों को अपने शिविर अनुभव को दूसरों से साझा करने के लिए कहा। सीईओ नंदनवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप हमेशा अपने लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करे और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर आगे बढ़े। अनिता रावटे ने सभी को सफल शिविर में सहभागिता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस जिला स्तरीय शिविर में पेंटिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर महाविद्यालय को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम में अशोक गिरी गोस्वामी जिला संगठक, डॉ स्वेतलाना नागल सहायक शिविर संचालक, अजय कुमार राजा यूथ रेडक्रॉस प्रभारी पीजी कॉलेज, काउंसिलर डॉ जगदीश सत्यम, डॉ खिलावन पटेल, राजेश्वरी सोनी, शेखर कानूनगो, लुकेश साहू, प्रकाशमणि साहू, पत्रकार उत्तरा विदानी, किरण पटेल, नवीन साहू, चित्रेश बरेठ, खुशबू सिन्हा सहित सभी शिविरार्थी एवं राजेश्वर खरे का सहयोग रहा। कार्यालय समिति हितेंद्र शर्मा, परसराम सिन्हा, नरेश विश्वकर्मा, प्रदीप साहू, तेज राम देवांगन, द्वारका सिन्हा, भोजन प्रभारी रघुनाथ सिन्हा का योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन शिविर संचालक डा मालती तिवारी एवं संचालन दिनेश साहू ने किया।




